प्रैस नोट

कैथल शहर का शायद कोई ही ऐसा व्यक्ति होगा जिसने शहर के बीचो बीच स्थित ऐतिहासिक धरोहर किले को ना देखा हो। यह किला विदक्यार लेक के तट पर स्थित है इस किले को वर्षो पूर्व कैथल रियास्त के शासको भाई उदय सिंह एंव उसके पूर्वजो द्वारा बनवाया गया था। भाई उदय सिंह ने 1823 ई0 से 1843 ई0 तक कैथल रियासत पर राज्य किया। 14 मार्च 1843 को भाई उदय सिंह की मृत्यु हो गयी थी। भाई उदय सिंह का कोई पुत्र नहीं था इसलिए अंग्रेज़ो ने कैथल को लैप्स नीति के अंतर्गत कम्पनी में शामिल कर लिया। हिंदुस्तान आज़ाद होने के पश्चात इस किले को खजाना कार्यालय, तहसील एंव उपमंडल कार्यालय तथा थाना सिटी के लिए प्रयोग में लाया गया। वर्तमान में थाना सिटी इसी भवन में चल रहा है।

यह किला 5000 वर्ग गज भूमि पर बना हुआ है। यदि शहर की तरफ से देखे तो किले के कुछ भाग पर यानि भूतल पर 20 कमरे एंव हाल बने हुए है।

समय के अंतराल पर इस किले के भवन की हालत इतनी दयनीय हो चुकी थी कि इसमें जगह–जगह दरारे पड गई थी। अक्तूबर 2013 में माननीय मंत्री महोदय द्वारा आदेश दिए कि किले के सामने जो 15–20 फुट गहरा गडढा है। उसको मिटटी से भरा जाए। मिटटी का भरत पूरा होने पश्चात मंत्री महोदय द्वारा किले के बाहरी हिस्से का जीर्णोद्धार करने बारे आदेश दिया। उपरोक्त कार्य जनवरी 2014 में शुरू किया गया था। इस कार्य का प्रथम चरण का कार्य पूरा कर लिया है। किले के बाहरी हिस्से के जीर्णोद्धार पर 52 लाख रू0 की राशि खर्च की गई है। किले के अंदर वाले हिस्से का कार्य भी शुरू करवा दिया गया है। अंदर से पूरे किले के जीर्णोद्धार करने पर 150 लाख रू0 खर्च होगा।

किले के सामने 3.20 एकड भूमि स्थित है। इस भूमि के 1.20 एकड जो कि किले के सामने पडता है, उसमें एक भव्य लान, सुंदर गेट तथा 50 गाडी खड़ी करने का प्रावधान है। एक एकड भूमि पर लान टेनिस, बास्केटबाल ग्रांउड तथा वालीबाल ग्राउंड बनाया जाना प्रस्तावित है तथा एक एकड भूमि पर ओपन एयर थियेटर बनाने का कार्य प्रगति पर है जिसको 30.09.2014 तक पूरा कर लिया जायेगा। इस कार्य पर 305 लाख रू0 खर्च होंगे। उपरोक्त किले के जीर्णोद्धार का कार्य पूरा होने पश्चात तथा किले के सामने स्थित 3.25 एकड़ भूमि पर ओपन एयर थियेटर, बास्केटबाल ग्रांउड, वालीबाल ग्राउंड, लान टेनिस ग्राउंड एंव भव्य लान विकसित होने के पश्चात शहर के विकास एंव सौदर्य को एक नई दिशा प्रदान करेगा।